प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर आज देश मना रहा जनजातीय गौरव दिवस,राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा– जनजातीय समाज के विकास से ही विकसित होगा राष्ट्र।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिहार के जमुई में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह में होंगे शामिल, जनजातीय समुदाय की कई विकास योजनाओं का करेंगे शुभारंभ।
3. झारखंड राज्य स्थापना दिवस आज, राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई नेता बिरसा मुंडा की समाधिस्थल पर देंगे श्रद्धांजलि।
4. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने कहा– पहले चरण में किसी भी बूथ पर नहीं होगा पुनर्मतदान, दूसरे चरण में शहरी क्षेत्रों में मतदान बढ़ाने पर रहेगा फोकस।
5. 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव के लिए आज एनडीए और इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारकों की ताबड़तोड़ सभाएं।
6. गुरूनानक जयंती आज, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के साथ राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने देशवासियों को दी बधाई

****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि देश सही मायने तभी विकसित बनेगा जब जनजातीय लोगों का विकास होगा। जनजातीय गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोगों की तीव्र गति से प्रगति राष्ट्र की प्राथमिकता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार जनजातीयों के विकास और कल्याण की यात्रा को तेज गति से आगे बढ़ा रही है।

राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए प्रधानमंत्री –जनमन अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समुदायों के लोगों का समग्र विकास करना ळें

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि राष्ट्र धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के वर्ष भर चलने वाले समारोहों की शुरुआत कर रहा है। उन्होंने सभी देशवासियों की ओर से भगवान बिरसा मुंडा की पुण्य स्मृति पर उन्हें नमन किया।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिहार के जमुई में जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह का शुभारंभ करेंगे। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ग्रामीण और दूर–दराज के क्षेत्रों में जनजातीय समुदायों के विकास के लिए छह हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।

****************

आज झारखंड राज्य स्थापना दिवस है। राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची के कोकर स्थित बिरसा मुंडा की समाधिस्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इनके साथ कई राजनेता भी धरती आबा को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

****************

झारखंड में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एन.डी.ए. और इंडिया गठबंधन के नेताओं ने विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। वे मतदाताओं को लुभाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

****************

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर धनबाद जिले के सभी छह निर्वाचन क्षेत्र में होम वोटिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

****************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि पहले चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया है और किसी भी बूथ पर पुनर्मतदान नहीं होगा। रांची में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव से इस बार 3 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ है। श्री कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में मतदान आशानुरूप हुआ, लेकिन शहरी क्षेत्र में कम मतदान हुआ है। दूसरे चरण में निर्वाचन आयोग शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर फोकस कर काम करेगा।

****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला में आज बात होगी धनबाद जिले की, जहां दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होना है।

****************

गुरु नानक जयंती पर गुरुपर्व आज देश–विदेश में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ,उपराष्ट्रंपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरू नानक देव के प्रकाश पर्व पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

****************

और अब अखबारों की सुर्खियां

प्रभात खबर लिखता है– पहले चरण की 43 सीटों पर इस बार 14.51 लाख अधिक वोट पड़े।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है – पहला फेज, 37 सीटों पर महिलाओं ने पुरूषों से 3 लाख अधिक वोट डाले।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– स्थापना दिवस आज, झारखंड की जीएसडीपी 24 साल में 13 गुना बढ़ी।

दैनिक जागरण लिखता है –घुसपैठ, भ्रष्टाचार और रोजगार को लेकर गृह मंत्री ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना।

*************